# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 170 /33–1/दिनांक, हमीरपुर, जुलाई 18 ,2023.

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
विश्व बैंक खण्ड, लो0 नि0 वि0
कानपुर।

**विषयः–विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित उत्तर प्रदेश कोर रोड नेटवर्क विकास परियोजना के तहत हमीरपुर–राठ–गरौठा–गुरसराय–झांसी राज्य राजमार्ग–42 के राठ बाईपास (हमीरपुर जनपद) से गरौठा (झांसी जनपद) (मिसिंग लिंक–किमी 74.550 से किमी 110.360) तक के उच्चीकरण निर्माण कार्य हेतु जनपद हमीरपुर में प्रभावित 4.068 हे0 आरक्षित एवं 1.0684 हे0 संरक्षित वनभूमि कुल 5.1364 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 327 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में। प्रस्ताव संख्या–FP/UP/Road /117342/2020.**

**सन्दर्भः**–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/15/2023/एफ0सी0/226 दिनांक 12.07.2023 एवं मुख्य वन संरक्षक /नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–105/11–सी–FP/UP/Road/117342/2020/ दिनांक 13.07.2023.

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुये अवगत कराना है कि विषयांकित प्रस्ताव में भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा कतिपय शर्तो के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति की समस्त शर्तो की अनुपालन आख्या मय अभिलेख 5 प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त शर्तो में से शर्त संख्या–03 के अन्तर्गत प्रभावित होने वाली आरक्षित वनभूमि के एवज में ग्राम–कुछेछा में उपलब्ध करायी गयी 1.670 हे0 गैर वनभूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण, सर्वे सीमाकन तथा बाउण्ड्री पिलर निर्माण कार्य तथा प्रभावित होने वाली संरक्षित वनभूमि के दुगने अवनत वनभूमि (रौरो वन ब्लाक) में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु धनराशि मु0 3730065.00 रू0 (सैतीस लाख तीस हजार पैसठ रू0 मात्र) तथा शर्त संख्या–06 के अन्तर्गत कुल प्रभावित आरक्षित/संरक्षित वनभूमि 5.1364 हे0 के गैर वानिकी प्रयोग हेतु एन0पी0वी0 की धनराशि मु0 6310530.00 रू0 (तिरसठ लाख दस हजार पॉच सौ तीस रू0 मात्र) तथा शर्त संख्या–09 के अन्तर्गत रोड साइड पर वृक्षारोपण की धनराशि–20956496.00 (दो करोड नौ लाख छप्पन हजार चार सौ छियानवे रू0 मात्र) ई–चालान द्वारा एडाक कैम्पा नई दिल्ली के खाते में जमा कराकर चालान की मूल प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। शर्त संख्या–03, 06 व 09 का आगणन निम्न प्रकार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| शर्त संख्या–03 | क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि– | 3661965.00 |
| | सर्वे सीमांकन तथा बाउण्ड्री पिलर निर्माण कार्य की धनराशि– | 68100.00 |
| शर्त संख्या–06 | शुद्ध वर्तमान मूल्य की कुल धनराशि– | 6310530.00 |
| शर्त संख्या–09 | रोड साइड पर ब्रिकगार्ड में वृक्षारोपण की धनराशि– | 20956496.00 |
| जमा करने हेतु कुल धनराशि (03+06+09 का योग) | | **30997091.00** |

**(कुल धनराशि मु0 तीन करोड़ नौ लाख सत्तानवे हजार इक्यानवे रू0 मात्र)**

उपरोक्त के अतिरिक्त वन निगम द्वारा वृक्षों के कटान आदि की जो भी धनराशि की मॉग की जायेगी वह आप द्वारा वन निगम को उपलब्ध करानी होगी।

जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा जारी सर्किल रेट के अनुसार लीज रेंट की धनराशि जमा करने हेतु अलग से पत्र निर्गत कर अवगत करा दिया जायेंगा।

<u>संलग्नकः—उपरोक्तानुसार।</u>

**भवदीय,**

**(उमेश चन्द राय)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

**पृष्ठांकन संख्या............................/अ/समदिनांकित।**

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, उ0प्र0 बाँदा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर।

**(उमेश चन्द राय)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।